# University in News on 05 June 2021

PIONEER PAGE 3

## पीजी कालेजों में शोध की संभावनाएं तलाशेगा एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शोध को** गुणवत्ता के आधार पर बढ़ावा देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीजी कालेजों में शोध की संभावना को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए विवि स्तर पर एक 5 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। समिति उन कालेजो में सभी पैरामीटर्स का आंकलन करेगीए जहाँ सिर्फ स्नातक कार्यक्रम की ही पढ़ाई होती है। समिति को 15 जून तक विवि के कुलपति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये गए हैं। समिति मेंलखनऊ विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स व दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राकेश चंद्राए विश्विद्यालय की डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर व भौतिक शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पूनम टंडनए व्यापार प्रशासन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ संगीता साहूए प्राचार्यए नेताजी सुभाष राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अलीगंजए लखनऊ और प्राचार्यए डीएवी डिग्री कॉलेज ऐशबागए लखनऊ शामिल हैं। बता दें कि लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों की तरफ से इस बाबत डीनए कॉलेज विकास परिषद का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने कहा कि रिपोर्ट को विश्विद्यालय की शीघ्र होने वाली विद्या परिषद में रखा जा सकता है।